Regarding need to provide adequate facilities at Jalgaon Airport, Maharashtra- laid

श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) **:** मैं सरकार का ध्यान मेरे लोकसभा क्षेत्र के जलगांव हवाई अड्डे की स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । जलगांव हवाई अड्डा महाराष्ट्र के सबसे तेजी से विकसित हो रहे हवाई अड्डों में से एक है और यह मुंबई, पुणे, हैदराबाद, गोवा और अहमदाबाद जैसे प्रमुख शहरों से सीधा जुड़ा है । यह हवाई अड्डा विश्वप्रसिद्ध अजंता गुफाओं से मात्र 47 किमी की दूरी पर स्थित है, जो इसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार बनाता है । खानदेश क्षेत्र के जलगांव और आसपास के जिलों के आर्थिक, औद्योगिक, विकास में इस हवाई अड्डे की महत्वपूर्ण भूमिका है । इसके अतिरिक्त, यहां संचालित दो पायलट प्रशिक्षण स्कूल बड़ी संख्या में छात्रों को प्रशिक्षण दे रहे हैं । हालांकि, कई चुनौतियां इस हवाई अड्डे की प्रगति में बाधा बनी हुई हैं । वर्तमान में यह केवल एक शिफ्ट में कार्य करता है, जबकि सुचारू संचालन के लिए दो शिफ्ट और एक इंजीनियरिंग टीम की आवश्यकता है । टर्मिनल का विस्तार, डिपार्चर हॉल और सुरक्षा होल्ड एरिया का सुधार, तथा फूड स्टॉल जैसी आधुनिक सुविधाओं की स्थापना भी जरूरी है । मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि इन मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए जल्द समाधान सुनिश्चित करें ।